रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक -21.6.2022

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल ने आज 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्र के साथ सहभागिता की।

योग हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है और इसका लाभ उठाने के लिए हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए :श्रीमती अरुणा सिंह ,सीएमडी / रेलटेल ।

****

भारत और पूरे विश्व में आज अर्थात् 21 जून-2022 को 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मैसूर, कर्नाटक से समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व किया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'मानवता के लिए योग 'है।

रेलटेल जो रेल मंत्रालय के अधीन केंद्र सरकार का एक मिनी रत्न उपक्रम है,ने भी आज 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्र के साथ सहभागिता की। श्रीमती अरुणा सिंह ,अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,श्री संजय कुमार, निदेशक(नेटवर्क, योजना एवं विपणन) (परियोजना, परिचालन एवं अनुरक्षण – अतिरिक्त प्रभार), श्री आनंद कुमार सिंह ,निदेशक (वित्त) और रेलटेल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अवसर पर रेलटेल के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित एक योग सत्र में भाग लिया। योग सत्र का संचालन भारतीय योग संस्थान दिल्ली के जोनल अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता ने किया। रेलटेल के सभी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों ने भी अपने-अपने कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती अरुणा ने कहा , "योग हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है और इसका लाभ उठाने के लिए हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग मन में शांति ,शीतलता और खुशी प्रदान करता है और समग्र स्वास्थ्यवर्धन करता है एवं तनाव को कम करता है। जैसे हम संपत्ति में निवेश करते है वैसे ही हम सभी को योग करके अपने आप में भी निवेश करना चाहिए। मैं, अपने व्यक्तिगत अनुभव से कह सकती हूं कि स्वास्थ्य में निवेश किसी के द्वारा किये जाने वाला सबसे अच्छा निवेश है। हमें स्वस्थ और खुश रहने के लिए पूरे दिल से अपना समय और ऊर्जा समर्पित करनी चाहिए।"

2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपनी स्थापना के बाद, 2015 से 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। 2014 में, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा योग दिवस मनाने का पहली बार प्रस्ताव किया गया था।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न(श्रेणी-।)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना और आईसीटी साल्यूशन्स और सेवा प्रदाताओं में से एक है ,जिसके पास देश के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिका मंत्रालय के पैनलबद्ध दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन,डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल भारतीय रेलवे के साथ मिलकर देश भर में रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भी कार्य कर रहा है और 6100 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए :

sucharita@railtelindia.com